# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :—</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी—रोहतक और डिब्रूगढ़—लखनऊ दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस का किया शुभारंभरू कहा— इन ट्रेनों के संचालन से आर्थिक और सामाजिक विकास को मिलेगी गति।
2. यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा— यूपी बनेगा देश का सबसे बड़ा हेल्थकेयर हबरू प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत दो लाख लाभार्थियों के खातों में भेजी दो हजार करोड़ की अनुदान राशि।
3. अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का 86वां सम्मेलन कल से लखनऊ में होगा शुरूरू लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह सहित विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी और सचिव होंगे शामिल।

और

4. प्रदेश भर में मौनी अमावस्या पर पवित्र नदियों में लोगों ने किया स्नानरू प्रयागराज में चार करोड से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई आस्था की।

————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम के नागांव जिले के कलियाबोर से गुवाहाटी–रोहतक और डिब्रूगढ़–लखनऊ के लिये दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रनों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इन ट्रेनों के संचालन से पूर्वोत्तर के इन राज्यों से न सिर्फ दूरी कम होगी बल्कि इन राज्यों के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी। बाइट...

*दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत की जा रही है। इन ट्रेनों के रास्ते में असम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के कई महत्वपूर्ण स्टेशन शामिल है जिससे लाखों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। यह ट्रेनें असम के व्यापारियों को नए बाजारों से जोड़ेगी।*

प्रधानमंत्री ने कनेक्टविटी को मजबूत करने के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि रोडवेज, रेलवे, एयरवेज और वाटरवेज के माध्यम से देश को जोड़ने का काम जारी है।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ पच्चीस करोड़ की आबादी वाला राज्य ही नहीं है बल्कि देश और पड़ोसी राज्यों की स्वास्थ्य जरूरतों की पूर्ति का सबसे बड़ा केंद्र भी है और यूपी जल्द ही देश का सबसे बड़ा हेल्थकेयर और मेडिकल टेक्नोलॉजी का हब बनेगा। श्री योगी ने कहा कि सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस दिशा में आगे बढ़ रही है। श्री योगी ने कहा कि राज्य में

आयुष्मान भारत योजना के तहत साढ़े पांच करोड़ गोल्डेन कार्ड जारी किये गये हैं, जिसके माध्यम से लोग पांच लाख तक का इलाज करा पा रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्धियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यवहारिक और ऐतिहासिक बदलाव किये हैं जिसके नतीजे जमीन पर साफ तौर से दिखाई दे रहे हैं।

बाइट....

*संस्थागत प्रसव को नेशनल एवरेज के समकक्ष लाने में उत्तर प्रदेश ने सफलता प्राप्त की। उत्तर प्रदेश के अंदर वेक्टर बाउंड डिजीज की एक लंबी श्रृंखला यहां देखने को मिलती थी। इनसेफ्लाइटिस, कहीं डेंगी, कहीं मलेरिया, अलग–अलग क्षेत्रों में यह सभी हमें देखने को मिलते थे लेकिन मुझे बताते हुए प्रसन्नता है। 2017 में हम लोगों ने एक साथ मिलकर के इसके खिलाफ अभियान चलाया। अगले दो वर्ष में इनसेफ्लाइटिस पूरी तरह से समाप्त। आज जीरो डेथ हैड जीरो फॉर दैट यू0पी0 के अन्दर।*

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, चिकित्सा राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह सहित स्वास्थ्य– चिकित्सा विशेषज्ञ और अधिकारी मौजूद थे।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के अंतर्गत 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 2 हजार करोड़ की अनुदान राशि भेजी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 के पहले किसी को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिलता था आज

सभी को इनका लाभ मिल रहा है । सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास की सोच के साथ हर किसी को योजना का लाभ दिया है। कार्यक्रम में आवास एवं शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्रो मनोहर लाल खट्टर भी वर्चुअली जुड़े।

————————

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का 86वां सम्मेलन और विधानसभाओं तथा विधान परिषदों के सचिवों का 62वां सम्मेलन कल से शुरू हो रहा है। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि सम्मेलन 21 जनवरी तक जारी रहेगा। इस राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी उत्तर प्रदेश विधानमंडल द्वारा की जा रही है। सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंशनारायण सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, यूपी विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सहित दश के विभिन्न राज्यों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी तथा सचिव मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय परंपराओं, सदन संचालन, सुशासन और समसामयिक विधायी विषयों पर विचार–विमर्श किया जायेगा।

और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से....

*पीठासीन अधिकारियों और विधायी निकायों के सचिवों के सम्मेलन को देखते हुए लखनऊ में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। सुरक्षा में 1600 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को लगाया गया है। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वाड के साथ विभिन्न एजेंसियां लगाई गई हैं। आयोजन स्थल की 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। सम्मेलन को देखते हुए प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन विभाग ने कल से 21 जनवरी के बीच सचिवालय की सभी इमारतों में कर्मचारियों के सरकारी व निजी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया है। लोक भवन, बापू भवन, मुख्य भवन, लाल बहादुर शास्त्री भवन और नियोजन भवन में सिर्फ मेहमानों की गाड़ियां ही जा सकेंगी। विधान भवन के सामने वाली मुख्य सड़क पर भी यातायात को रोका गया है। मुमताज़ अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

**सम्मेलन में शामिल होने आए गणमान्य लोग 22 जनवरी को अयोध्या धाम पहुंच कर श्री रामलला के दर्शन करेंगे।**

———————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**पुलिस ने वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के पुनर्निर्माण कार्य से संबंधित सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री प्रसारित करने के आरोप में आठ लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं**

में अलग–अलग आठ एफआईआर दर्ज की है। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। अपर पुलिस आयुक्त अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि इस मामले में माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख़्त कार्यवाई की जायेगी।

————————

राज्य में आज एसआईआर का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान ड्राफ्ट वोटरलिस्ट, अप्राप्त श्रेणी में चिन्हित मतदाता सूची और मृतक या डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची लोगों ने देखी। लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, श्रावस्ती, गौतमबुद्धनगर और अमरोहा सहित अनेक जिलों में मतदान केंद्रों के बूथों पर खासी भीड़ रही। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने लोगों से अपील की है कि आगामी 31 जनवरी और पहली फरवरी को चलाये जाने वाले विशेष अभियान में भी मतदाता संबंधित बूथों पर जाकर अपने नाम की जांच जरूर कर लें ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित बनाई जा सके।

————————

लोक आस्था के पर्व माघ मेला का तीसरा और सबसे बड़ा स्नान पर्व मौनी अमावस्या आज प्रदेश भर में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच वाराणसी, अयोध्या सहित प्रदेश की प्रमुख नदियों में सुबह से ही श्रद्धालु आस्था की डुबकी

लगा कर दान–पुण्य कर रहे हैं। प्रयागराज स्थित त्रिवेणी में भी ब्रह्ममुहूर्त से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं के स्नान का क्रम जारी है। पेश है एक रिपोर्ट...

*माघ मेले के तीसरे और सबसे बड़े मौनी अमावस्या के स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं का सैलाब आज संगम तट पर उमड़ पड़ा है। पवित्र पर्व पर ब्रह्म मुहूर्त से ही विभिन्न घाटों पर लोगों के स्नान का क्रम लगातार जारी है। सुबह में कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था ठंड पर भारी पड़ी। दिन में धूप खिलने से पूरा संगम क्षेत्र श्रद्धालुओं से गुलजार रहा। शाम तक चार करोड़ से भी अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाई। मेला क्षेत्र में साढ़े तीन किलोमीटर लंबा स्नान घाट तैयार किया गया है। इस स्नान पर्व को लेकर मेला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

उधर वाराणसी और अयोध्या में भी इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। काशी में चौरासी घाटों पर श्रद्धालु गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। वहीं अयोध्या में श्रद्धालु सरयू में आस्था की डुबकी लगाकर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान पूरे कर रहे हैं। विशेष रूप से श्रीरामलला के दर्शन के लिये लंबी–लंबी लाइने लगी हुई हैं। वहीं कुशीनगर में नारायणी नदी और बांसी नदी, फर्रूखाबाद में गंगा घाटों पर साधू संतों के साथ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

————————

प्रदेश में ठंड और कोहरे का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए राज्य में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। साथ ही बाईस और

तेइस जनवरी को राज्य के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्र के कई जनपदों में बारिश की अनुमान जताया है। इस बीच, प्रदेश के कई हिस्सों में घने कोहरे के कारण रेल आवागमन प्रभावित है। दिल्ली जाने वाली 50 से अधिक रेलगाड़ियां देरी से चल रही हैं। स्टेशन पहुंचने से पहले यात्रियों को रेलगाड़ियों के समय की स्थिति जानने की सलाह दी गई है।

————————————